यूएसए के टैक्सास की पीयर्सलैंड सिटी मैनेजर और काउंसलर्स के सामने नगर निगम ने खुलकर बताई खामियां

जनसुविधाएं तो मुहैया करवाते हैं पर उनका मेंटेनेंस नहीं कर पाते हैं

पीयर्सलैंड सिटी मैनेजर बोले- हमारे लोग जागरूक, कानून भी सख्त, आज मंथन कर बनाएंगे मसौदा

इन्का रिपोर्टर | जोधपुर

यूएसए की टैक्सास सिटी के पियर्सलैंड सिटी मैनेजर व काउंसलर्स के सामने नगर निगम ने अपनी खामियों का खुलकर जिक्र किया। अपनी पीड़ा दर्शाते हुए कहा कि सरकार व नगर निगम लोगों को जनसुविधाएं मुहैया तो करवाता है, लेकिन उसका मेंटिनेंस मुश्किल होता है। शहर में पब्लिक टॉयलेट या साफ-सफाई की बात करें तो हमारे यहां अधिकांश पब्लिक टॉयलेट खस्ता हालत में हैं। प्रॉपर्टी टैक्स या घर-घर कचरा संग्रहण का शुल्क अदा करने में भी लोगों की हिस्सेदारी बहुत कम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिटी-टु-सिटी पार्टनरशिप को लेकर सोमवार को एक-दूसरे के शहर के बेहतरीन कार्यों पर काम करने की संभावनाओं पर खुलकर चर्चा की। मंगलवार को दोनों शहर किन मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे, इस पर मंथन करने के बाद एक मसौदा भी तैयार करेंगे।

निगम में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

सिटी प्लानिंग को सख्ती से लागू करते हैं : सिटी मैनेजर

सिटी मैनेजर क्ले पर्सन ने प्रजेंटेशन के जरिए वहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर और वे ऑफ वर्किंग के बारे में बताया और कहा कि उनका शहर जोधपुर के मुकाबले बहुत छोटा है, लेकिन प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली 51 फीसदी है। यह राशि हर साल बढ़ती है। निगम पुलिस, ट्रैफिक, फायर फाइटिंग, क्लिनिंग व सेनिटेशन का काम देखती है। सिटी प्लानिंग को लेकर हम ज्यादा सख्त हैं। कानून को भी उतनी ही सख्ती से लागू करते हैं, लेकिन वहां लोगों में जागरूकता है।

सॉफ्टवेयर अगले कुछ सालों में होने वाला प्रदूषण लेवल बता देता है

सिटी मैनेजर व काउंसलर्स की टीम ने बताया कि उनके यहां जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण को नापने के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया। जो अगले कुछ सालों में होने वाले प्रदूषण लेवल की जानकारी दे देता है। इसकी जानकारी मिलने के बाद प्रदूषण के विपरीत प्रभाव को कम करने की दिशा में काम करना शुरू कर देते है, जिसका फायदा भी मिलता है। सिटी मैनेजर ने निगम के प्रयासों की सराहना की। आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दल में लॉरी रोड्रिगेज, एड्रियन हर्नांजेज, श्रद्धा खरेल, माविता बराड़ी ने भी अपने अनुभव बताए।

जोधपुर से टीम टैक्सास सिटी जाएगी

जोधपुर से एक टीम टैक्सास सिटी जाकर वहां की व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी। हालांकि इसकी अधिकारिक घोषणा बाद में ही संभव हो पाएगी। इंटरनेशनल सिटी मैनेजर एसोसिएशन (आईसीएमए) द्वारा प्रायोजित और मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग अर्बन अफेयर्स की सहमति से देश के चार शहरों में जोधपुर को भी शामिल किया गया है। रविवार शाम को पीयर्सलैंड के सिटी मैनेजर क्ले पर्सन के नेतृत्व में एक दल तीन दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचा था। यह दल सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंचा। यहां महापौर घनश्याम ओझा व आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने दल के सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद निगम ने प्रजेंटेशन के जरिए स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत हुए कार्यों को विस्तार से बताया। महापौर के स्वागत भाषण के बाद निगम की ओर से अंकित पुरोहित ने एसबीएम के तहत किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए घर-घर कचरा संग्रहण व वेस्ट टू एनर्जी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। निगम के मुख्य सचेतक प्रदीप बेनीवाल ने घर-घर कचरा संग्रहण पर कहा कि यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, शहर में पहले से यह परंपरा चल रही है, अगर लोग जागरूक हो जाएं तो शहर साफ नजर आने लगेगा।